Sixteenth Loksabha

an>

Title: The Speaker made reference to the passing away of Shri M.H. Ambareesh, Member, 12th, 13th and 14th Lok Sabha.

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, मुझे सभा को श्री एम. एच. अम्बरीश, जो कर्नाटक के मांडया संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से 12वीं, 13वीं, और 14वीं लोक सभा के सदस्य थे, उनके दु:खद निधन के बारे में सूचित करना है।

श्री अम्बरीश ने केन्द्रीय सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री के रूप में कार्य किया। एक योग्य संसदविद् के रूप में उन्होंने विभिन्न संसदीय समितियों के सदस्य के रूप में भी कार्य किया।

श्री अम्बरीश कन्नड़ सिनेमा के सबसे लोकप्रिय अभिनेताओं में से एक थे। उन्होंने 200 से अधिक फिल्मों में कार्य किया, जिनमें 'इंकलाब', ' रंगनायकी', 'रानी महारानी' और कई अन्य फिल्में शामिल थीं। अपने शानदार अभिनय के लिए उन्हें कई फिल्म पुरस्कारों से सम्मानित किया गया।

श्री एम. एच. अम्बरीश का निधन 66 वर्ष की आयु में 24 नवम्बर, 2018 को बेंगलुरु, कर्नाटक में हुआ।

हम श्री अम्बरीश के निधन पर गहन शोक प्रकट करते हैं और मैं अपनी तथा सभा की ओर से शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना प्रकट करती हूं।

माननीय सदस्यगण, अत्यन्त वेदना के साथ हम उस दु:खद घटना का स्मरण करते हैं, जब 13 दिसम्बर, 2001 को हमारी लोकतांत्रिक व्यवस्था के गौरव, भारत की संसद को एक आतंकवादी हमले का निशाना बनाया गया था।

इस कायरतापूर्ण हमले को संसद परिसर की रक्षा में तैनात हमारे सतर्क एवं वीर सुरक्षा बलों ने असफल कर दिया था। दिल्ली पुलिस के पांच सुरक्षाकर्मी सर्वश्री नानकचंद, रामपाल, ओमप्रकाश, बिजेन्द्र सिंह और घनश्याम, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की एक महिला कांस्टेबल श्रीमती कमलेश कुमारी और ससंद सुरक्षा सेवा के दो सुरक्षा सहायक श्री जगदीश प्रसाद यादव और श्री मातबर सिंह नेगी इस हमले का बहादुरी से सामने करते हुए शहीद हो गए थे। इस आतंकवादी हमले में एक कार्मिक श्री देशराज भी शहीद हो गए थे।

यह सभा उन शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करती है, जिन्होंने 13 दिसम्बर, 2001 को आतंकवादी हमले के दौरान संसद की रक्षा करते हुए अपने प्राणों की आहुति दे दी तथा उनके परिवारों के प्रति अपनी शोक संवेदना व्यक्त करती है।

इस अवसर पर, आइए हम आतंकवाद के इस अभिशाप से निपटने के लिए नए सिरे से प्रयास करने के अपने संकल्प को दोहराएं और अपनी मातृभूमि की एकता, अखंडता और संप्रभुता की रक्षा करने के लिए अपनी वचनबद्धता को पुन: दृढ़ता से व्यक्त करें।

यह सभा दिवंगत आत्माओं के सम्मान में कुछ देर के लिए मौन रहेगी।

<u>11 05 hrs</u>

The Members then stood in silence for short while

-

-

<u>11 07 hrs</u>

At this stage, Shri P. Kumar, Shri Konakalla Narayana Rao,

Shri Gaurav Gogoi and some other hon. Members came and

stood on the floor near the Table

… (*Interruptions*)

HON. SPEAKER: I request all of you to please go back to your seats. I will allow you to speak after the Question Hour is over. You cannot do like this every day. This is not correct.

… (*Interruptions*)

HON. SPEAKER: Please go to your seats.

… (*Interruptions*)

HON. SPEAKER: I am warning the Members of Telugu Desam Party also. We have given you a full discussion on the Motion of No Confidence. This is not correct.

… (*Interruptions*)

HON. SPEKAER: I will allow you to raise your issue later on. Please go back to your seats now.

… (*Interruptions*)

HON. SPEAKER: Question No. 41, Shri Gurjeet Singh Aujla.

… (*Interruptions*)

HON. SPEAKER: What is this going on?

… (*Interruptions*)